तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 नए शिक्षण सत्र में भी हाई स्कूलों में लाईब्रेरी के संचालन पर खड़ा हुआ संकट



## खबर संक्षेप

### अश्वीका ने जूनियर वर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान

**कोरबा।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित सूर्योस्थान महोत्सव का आयोजन दार्जिलिंग में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक आयोजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महोत्सव में जिला की उभरती हुई प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना अश्वीका साव ने अपनी मनमोहक व प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। अपनी उत्कृष्ट नृत्य प्रतिभा के बल पर उन्होंने जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। अश्वीका साव वर्तमान में डीपीएस एनटीपीसी में कक्षा 8वीं की छात्रा हैं। कम आयु में ही उन्होंने कत्थक नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। उनकी प्रस्तुति में लखनऊ घराने की कत्थक शैली की सुंदरता, भावाभिव्यक्ति, लयबद्धता व तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला, जिसकी निर्णायकों ने विशेष सराहना की। सूर्योस्थान महोत्सव में प्राप्त यह सम्मान और प्रथम स्थान अश्वीका साव की कला साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भविष्य में उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

### आधुनिक कृषि तकनीकों से मिल रहे बेहतर परिणाम

**कोरबा।** प्रदेश के किसान परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाते हुए बेहतर उत्पादन और अधिक आय अर्जित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कृषि अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह किसानों के जीवन में समृद्धि, आत्मनिर्भरता और नए अवसरों का माध्यम बन रही है। जिले के ग्राम तिलकेजा निवासी कृषक श्री राजू लाल कैवर्त 1 एकड़ 63 डिसमिल भूमि में धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत वे सहकारी समिति तिलकेजा पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी आवश्यकता अनुसार कृषि आदान सामग्री प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया भी लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वे समिति से खाद एवं उर्वरक प्राप्त कर चुके हैं तथा पिछले दो वर्षों से अपनी फसलों में नैनो उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं।

### नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ आज से

**भैसमा।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला एवं जिला सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 5 से 16 जून तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन समारोह 6 जून को प्रातः 10 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य नवीन आचार्यों को भारतीय संस्कृति, शिक्षण पद्धति, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा राष्ट्र निर्माण के मूल्यों से परिचित कराना है। कार्यक्रम में दोनों जिलों के अनेक आचार्य एवं शिक्षण कार्य से जुड़े कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड एवं विपणन संघ के सह-संयोजक प्रदेशाध्यक्ष भोजराम देवांगन होंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के सचिव पुरन्दन कश्यप रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कोरबा के उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा करेंगे।

### मातृभूमि सेवा संस्थान द्वारा जरूरतमंद लोगों को मच्छरदानी का किया वितरण

**बालको।** मातृभूमि सेवा संस्थान द्वारा जिले के बेला सूअरधार में संस्थान के छत्तीसगढ़ प्रभारी सुरेंद्र साव के नेतृत्व में गरीब, असहाय लोगों को मच्छरदानी उपलब्ध कराया गया संस्थान छत्तीसगढ़ में सुरेंद्र साव के नेतृत्व में कार्य कर रहे सभी लोगों का आभार जताया। संस्थान छत्तीसगढ़ में भी समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान कायम करेगी और लोगों के दुख विपत्ति को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी।

# शहर की तर्ज पर गांव में भी लागू होगा कचरा प्रबंधन, यूजर चार्ज लेने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन 2026 के तहत जिले के ग्रामीण अंचलों में शहर के तर्ज पर कचरा प्रबंधन लागू होगा और यूजर चार्ज वसूलने की भी तैयारी होगी। इसके लिए पांच हजार से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता से कार्य किए जाएंगे। इसके लिए बड़े ग्राम पंचायतों को कचरा प्रबंधन हेतु ई रिक्शा एवं अन्य संसाधन पंचायत मद से खरीदना होगा।

संपत्तिकर अधिनियम के तहत पहले ही ग्राम पंचायतों में वसूलने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन प्रभावी ढंग से लागू नहीं होने के कारण संपत्तिकर की वसूली नहीं हो पा रही है। जबकि ग्राम पंचायतों में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स, दुकानें तैयार हो चुकी है। बदलते दौर में कई ग्राम पंचायतें नेशनल हाईवे के किनारे आ चुकी है। कुछ पंचायतें स्टेट हाईवे से लगी हुई है इन पंचायतों का स्वरुप अब कस्बे में बदल गया है। ऐसे में संपत्तिकर अधिनियम के तहत संपत्तिकर वसूली के संबंध में पहले ही दिशा निर्देश जारी हो चुके हैं लेकिन किसी भी ग्राम पंचायतों में इसके लिए रुचि नहीं दिखाई और ना ही पंचायत सचिवों के द्वारा भी इस अधिनियम को लागू करने के संबंध में कोई प्रभावी कार्य किया गया। परिणाम स्वरुप टैक्स की वसूली जैसे काम ठंडे बस्ते में चला गया। अब चूंकि ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन देश में लागू हो चुका है। इस अधिनियम के तहत जिला पंचायत में कार्यशाला के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों को पंचायतों में यूजर चार्ज वसूलने और कचरा प्रबंधन लागू करने के संबंध में जानकारी दी गई है। जनप्रतिनिधि और पंचायत, सचिवों के द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ठ अधिनियम लागू करने बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा। उसके बाद इस पर कार्यवाही शुरु की जाएगी।

## पांच हजार आबादी वाली बड़ी ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता से होगी काम



### कस्बे का स्वरुप ले चुकी है ये ग्राम पंचायतें

कोरबा ब्लॉक में अजगरबहार, लेमरु, कुदमुरा, भैसमा, तुमान, पाली ब्लॉक में बकसाही, चैतमा, पोड़ी, सिल्ली, करतला ब्लॉक में ग्राम पंचायत करतला, ग्राम पंचायत नोनबिर्रा, रामपुर, उमरेली, फरसवानी, बरपाली, मड़वारानी, सरगबुंदिया, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में ग्राम पंचायत पोड़ी, बांगो, कोरबी, पसान, जटगा आदि शामिल है। ये सभी ग्राम पंचायते नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे के आसपास स्थित है। जहां छोटे बड़े व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स भी तैयार हो चुके हैं। यूजर चार्ज और संपत्तिकर वसूलने से ग्राम पंचायतों के राजस्व आय में वृद्धि होगी।

## कुल स्वीकृत पदों को 2380 से घटाकर 2344 कर दिया गया

# विद्युत कंपनी में बड़ा खेल, अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से हटाए सैंकड़ों तकनीकी पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। एक तरफ जहां कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों के लिए बंपर प्रमोशन आर्डर जारी होने से जश्न का माहौल था, वहीं दूसरी ओर पर्दे के पीछे एक बड़ा खेल हो गया है। कंपनी के कुछ अधिकारियों ने बड़ी चालाकी से बिना किसी आधिकारिक घोषणा या परिपत्र के तकनीकी कर्मचारियों के सैकड़ों स्वीकृत पदों को ही विलोपित कर दिया है। इस गुप्त फैसले के बाद से कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

विभागीय सूत्रों और श्रमिक संगठनों से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत कंपनी में इस समय इंजीनियर राज और अधिकारियों की तानाशाही चरम पर है। वर्ष 2017 में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के इंजीनियरिंग कैडर में रिस्ट्रक्चरिंग की गई थी। उस समय नए पद सृजित करके एसीई, एसई और ईई जैसे बड़े पदों में भारी वृद्धि की गई थी लेकिन जब बात तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों की आई, तो सभी श्रमिक संगठनों से लंबी चर्चा होने के बाद भी 9 वर्ष बीत जाने पर भी कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इसी बीच अधिकारियों ने एक बार फिर चालाकी से इंजीनियरिंग कैडर में रिस्ट्रक्चरिंग करवा ली, जिसका पूरा लाभ केवल बड़े अधिकारियों को मिल रहा है। वर्ष 2023 की आधिकारिक वरिष्ठता सूची और प्रबंधन द्वारा जारी वर्तमान डेटा की तुलना करने पर पदों में की गई फेरबदल साफ नजर आती है। प्लांट असिसटेंट 2 के जहां साल 2023 में स्वीकृत पद 920 थे, उन्हें घटाकर अब केवल 401 कर दिया गया है। यानी सीधे 519 पद गायब कर दिए गए। जूनियर सुपरवाइजर के कैडर में भी स्वीकृत पदों की संख्या को 255 से घटाकर 254 कर दिया गया है। प्लांट असिसटेंट 1 के पूर्व में इस संवर्ग में स्वीकृत पद 619 थे, जिन्हें नए सेटअप में 300 कर दिया गया है। वहीं प्लांट अटेंडेंट 1, 2, 3 के ग्राउंड लेवल कर्मचारियों के पदों में भी अंदरूनी तौर पर बड़ा हेरफेर किया गया है, जिससे भविष्य में भर्ती के रास्ते बंद हो रहे हैं। कुल स्वीकृत पदों को 2380 से घटाकर 2344 कर दिया गया है। यह सीधे तौर पर तकनीकी कर्मचारियों के भविष्य और उनके प्रमोशन के अवसरों पर कुठाराघात है।



फाइल फोटो

### पदों की वर्तमान स्थिति पर एक नजर

| पद | पुराना स्वीकृत पद | नया स्वीकृत पद | वर्तमान रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सीनियर सुपरवाइजर | 77 | 77 | 45 |
| जूनियर सुपरवाइजर | 255 | 254 | 117 |
| प्लांट असिस्टेंट-1 | 619 | 300 | 203 |
| प्लांट असिस्टेंट-2 | 920 | 401 | 206 |
| प्लांट अटेंडेंट-1 | 187 | 500 | 394 |
| प्लांट अटेंडेंट-2-3 | 322 | 812 | 749 |
| कुल | 2380 | 2344 | 1714 |

### स्वीकृत पद घटाए, फिर भी बढ़ गई खाली पदों की संख्या

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के तकनीकी अमले के सेटअप में एक ऐसा अजीबोगरीब विरोधाभास सामने आया है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। अधिकारियों की जादूगरी देखिए कि एक तरफ कंपनी में तकनीकी कर्मचारियों के स्वीकृत पदों पर कैंची चलाई गई है, तो दूसरी तरफ विभाग में खाली पदों का ग्राफ और तेजी से ऊपर बढ़ गया है। आम तौर पर जब किसी विभाग में पद विलोपित किए जाते हैं, तो खाली पदों की संख्या कम होनी चाहिए। लेकिन यहाँ गणित बिल्कुल उल्टा बैठ रहा है, जो अधिकारियों की प्रशासनिक समझ या फिर किसी गहरी साजिश की ओर इशारा कर रहा है।

### जब पद कम किए तो रिक्तियां कैसे बढ़ीं?

इस पूरे मामले को लेकर श्रमिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों का साफ आरोप है कि बंपर प्रमोशन का लॉलीपॉप दिखाकर जमीनी स्तर के पदों को हमेशा के लिए खत्म करने की तैयारी चल रही है। जानकारों का कहना है कि पदों को विलोपित करने के बाद भी रिक्त पदों का बढ़ना यह साबित करता है कि कंपनी में काम का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन नई भर्तियां ना करने के उद्देश्य से बैकडोर से यह पूरा खेल रचा जा रहा है।

### वापस लिया जाए कटौती

पूर्व कांग्रेस सरकार के समय बीओडी की बैठक में ही कर्मचारियों की स्वीकृत पदों को रिस्ट्रक्चरिंग करते हुए तकनीकी कर्मचारियों के पदों पर कटौती का प्रस्ताव बीओडी से पास हो चुका था, जिसे वर्तमान प्रबंधन ने अम्लीजामा पहनाया है। वर्तमान में कर्मचारियों की भारी कमी है जिसके कारण संयंत्र में आए दिन तकनीकी ख़राबी आ रही है। इसलिए कटौती को वापस लेते हुए कर्मचारियों की तत्काल भर्ती किया जाए।

- **राधेश्याम जायसवाल,** राष्ट्रीय मंत्री बीएमएस

### कटौती से असंतोष व्याप्त

कंपनी में स्वीकृत 2344 पदों में से जिन 840 पदों पर प्रमोशन होना था उन पदों को खत्म करने की क्या जरुरत थी। पदों में की गई कटौती की वजह से कर्मचारियों व संगठन में असंतोष व्याप्त है। संगठन अब इसे लेकर आर पार की लड़ाई का मन बना चुकी है।

**आर सी चेट्टी,** महासचिव छगविकर्मचारी संघ फेडरेशन-01

# स्कॉर्पियो वाहन की लूट में पड़ोसी जिले से दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक स्कार्पियो चालक को मध्य प्रदेश के सीहोर जाने के नाम पर बुकिंग कराई गई थी लेकिन जब स्कार्पियो चालक गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा तो दो युवकों ने उसे बुकिंग में ले जाने की वजह स्कार्पियो चालक की पिटाई कर उसे जंगल में छोड़ दिया था और उसकी स्कॉर्पियो मोबाइल और पर्स लूटकर भाग निकले थे। पुलिस ने इस लूटपाट के मामले में सूरजपुर जिले से दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपों के कब्जे से लूटी गई स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया गया है।

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़देवा निवासी संजय केवट स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 बीएन 9335 का चालक है जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बुकिंग में स्कार्पियो वाहन को संचालित करता है। बताया जाता है कि अरविंद पाल पिता सुरेंद्र पाल और उसका एक अन्य साथी पंकज पाल और पिता राजपाल ने विगत दिनों संजय केवट को स्कॉर्पियो की बुकिंग कराई थी और उसे मध्य प्रदेश के सीहोर जाने के लिए सौदा तय किया था। दो दिनों तक उसे चलने के लिए कहते रहे बाद में जाने के लिए मना कर दिया था। बताया जाता है कि 3 जून को अरविंद पाल ने संजय केवट को फोन कर अपने पास बुलाया था। जब संजय केवट अपनी स्कॉर्पियो वाहन को लेकर पहुंचा तो अरविंद पाल और पंकज पाल और एक अन्य युवक मोटरसाइकिल में बांकीमोंगरा पहुंचे। जहां संजय केंवट की स्कॉर्पियो वाहन को अपने साथ ले जाकर पहले संजय केंवट के साथ मारपीट की गई और उसे जंगल में छोड़ दिया गया। जिसके बाद उसे उसकी स्कॉर्पियो वाहन लेकर फरार हो गए थे। संजय की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। इस बीच सूरजपुर पुलिस की मदद से पुलिस ने स्कॉर्पियो को लूटपाट करने वाले अरविंद पाल और पंकज पाल को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से लूटी गई स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया है।

# जिला दण्डाधिकारी ने सत्यम को एक वर्ष की अवधि के लिए किया जिला बदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा 4 जून को आदेश पारित कर सत्यम सोनी को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सत्यम सोनी निवासी शिवनगर रूमगरा को जिले के साथ-साथ समीपवर्ती आठ जिलों के क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा सत्यम सोनी पिता आत्माराम सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी शिवनगर रूमगरा थाना बालको नगर को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सत्यम सोनी 24 घंटे के अन्दर जिला कोरबा तथा समीपवर्ती जिला क्रमशः बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जायें और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। जिला दण्डाधिकारी ने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# सुनालिया चौक पर रोज लग रहा जाम, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर के व्यस्तम इलाकों में शामिल सुनालिया सर्कल की सड़क हर दिन शाम होते ही जाम की गिरफ्त में आ जाती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि चंद मिनट की दूरी तय करने में लोगों को लंबा इन्तजार करना पड़ता है। कई बार जाम में फंसने के बाद वाहनों का पीछे लौटना भी मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति किसी आकस्मिक कारण से नहीं, बल्कि रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। बावजूद इसके यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए न तो कोई ठोस योजना नजर आती है और न ही प्रभावी अमल। सड़क पर अतिक्रमण कर लगे ठेले और बेतरतीब खड़े वाहन जाम को और विकराल बना रहे हैं, लेकिन इन पर नियंत्रण के नाम पर महज औपचारिकताएं ही की जा रही हैं। शारदा विहार तिराहा से लेकर सुनालिया चौराहा तक ट्रैफिक का दबाव अत्यधिक रहता है।

## हर वर्ष मानसून के सीजन में बंद किए जाते हैं रेतघाट

# चार दिनों बाद रेतघाट हो जाएंगे लॉक, चुकानी पड़ेगी मोटी रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सभी 18 रेतघाट वर्तमान में पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं और लगातार रेत की आपूर्ति कर रहे हैं। आगामी मानसून की बारिश के कारण अगले 4 दिनों के भीतर जिले के सभी रेतघाट पूरी तरह से बंद कर दिए जाएंगे और बारिश के सीजन में जिन्होंने रेत स्टॉक किया है वे ऊंची दरों पर रेत बेचकर मोटा मुनाफा कमाएंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले में शहर सहित आउटर में रेत की किसी तरह की समस्या ना हो इसके लिए खनिज विभाग लगातार प्रयास कर रहा है और अधिक से अधिक रेत घाट खोलने का प्रयास कर रहा है। मौजूदा स्थिति में जिले में कुल 18 रेत घाट संचालित हो रहे हैं। जिसमें भैंसामुड़ा, कुदमुरा-1, गितारी, चारपारा, बगदरा, बैरा, चिचोली, कछार, कटबीतला, जिल्गा, गेवरा, चुईया, घमोटा, दुल्लापुर, धवईंपुर, तरदा, भिलाईखुर्द, जोगीपाली, सिर्री शामिल हैं। जहां सभी रेतघाटों से लगातार रेत की निकासी हो रही है। धीरे धीरे मानसून भी दस्तक देने लगा है और हर साल मानूसन के दस्तक के साथ ही रेत के घाट बंद हो जाते हैं। खनिज विभाग ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है और 10 जून से सभी रेत घाट बंद किए जाएंगे। इसके बाद ये रेतघाट सीधे आगामी 15 अक्टूबर को ही दोबारा खोले जाएंगे। ऐसे में जिन्हें भी आगामी महीनों में निर्माण कार्यों के लिए रेत की आवश्यकता है, उनके पास स्टॉक करने के लिए अब केवल 4 दिनों का ही समय शेष है।



### 10 जून से बंद होंगे घाट

जिले के 18 रेतघाट 10 जून से बंद किए जाएंगे। हर साल मानसून के सीजन में रेतघाट बंद किए जाते हैं इस साल भी 10 जून से सभी घाट बंद हो जाएंगे इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है।

- **प्रमोद कुमार नायक,** खनिज विभाग कोरबा

# कटघोरा को जिला बनाने सुशासन तिहार में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा को पृथक जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह-संयोजक राजेश यादव ने सुशासन तिहार के अवसर पर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कटघोरा को नया जिला घोषित करने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में श्री यादव ने उल्लेख किया है कि कटघोरा एक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण नगर है, जो जनसंख्या, क्षेत्रफल, प्रशासनिक सुविधा तथा आर्थिक दृष्टि से जिला बनने की सभी आवश्यक योग्यताएं रखता है। वर्तमान में कोरबा जिला मुख्यालय की दूरी अधिक होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को शासकीय कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा कटघोरा को जिला बनाने का वादा किया जाता है, किंतु चुनाव समाप्त होने के बाद यह मुद्दा ठंडे बस्ते में चला जाता है। इससे क्षेत्र की जनता में निराशा और नाराजगी व्याप्त है। राजेश यादव ने ज्ञापन के माध्यम से शासन से आग्रह किया है कि कटघोरा क्षेत्र की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इसे पृथक जिला बनाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक सहित ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

**सीतापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन द्वारा हाई इंपेक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट के तहत विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार टोप्पो, जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे रोपे। इस अवसर पर विधायक राम कुमार टोप्पो ने कहा कि आज जितनी तेजी से पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है उसे देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण नही किया जा रहा है जिससे प्रकृति का संतुलन डगमगा गया है।आज विश्व पर्यावरण दिवस पर है सभी को यह वचन लेना है कि जितना ज्यादा हो सके पेड़ लगाए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि कालातीत में इंसान द्वारा पेड़ पौधों को बहुत नुकसान पहुंचाया गया है। जिसका खामियाजा आज सभी को भुगतना पड़ रहा है। जिस तेजी से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है वह भविष्य के लिए बहुत घातक साबित होगा। इस दौरान जामुन, सीताफल, काजू, आम, महुआ एवं आंवला प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस संबंध में बैफ सीएसओ आभाष सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा ढेकीड़ोली, एरंड, भारतपुर, बेलजोरा, आमाटोली, पेटला, रजौटी गांवों में अभियान के तहत पौधरोपण किया गया है। इस अवसर पर मानस राउत, पारस, प्रीतम, सीता दास, इकबाल अहमद, राजेश कुमार,राजेश यादव, राजकुमार गुप्ता,विंध्येश्वरी पैंकरा, सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय गुप्ता सहित सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### महिला की संदिग्ध हालत में मौत पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** देर रात बैचेनी लगने तथा झोला छाप डॉक्टर से उपचार कराने के पश्चात गंभीर हुई महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा निवासी सुषमा नायक पति प्रवीण (39 वर्ष) बीती रात भोजन कर जमीन में बेटा के साथ सोई थी। इसी दौरान देर रात अचानक उठी और बेटा मयंक को बताई की कोई कीड़ा काट लिया है और बेचैनी लग रहा है। महिला की अचानक तबीयत खराब हो जाने पर परिजन दरिमा स्थित झोला छाप डॉक्टर एमसी सिकदार के पास लेकर गए। जहां इलाज कराने के बाद महिला की तबीयत और भी बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे दरिमा स्थित मिश्रा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन क के सुपुर्द किया है।

### प्रधानमंत्री के सफल कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में हुई बैठक

**रामानुजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में तथा आत्मनिर्भर मंडल के संकल्प को सिद्ध करने हेतु भाजपा मंडल महावीरगंज की कार्यसमिति बैठक दुर्गा मंडप, ग्राम पंचायत गम्हरिया में उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन मंडल प्रभारी दीनानाथ यादव एवं सह प्रभारी अश्विनी गुप्ता द्वारा किया गया। महावीरगंज भाजपा मंडल ने सफल और उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथि, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जयप्रकाश गुप्ता, सुनील तिवारी, मुंशीराम शांडिल्य, मेहीलाल आयम,मो.महबूब आलम, नारद यादव, अनोज यादव, सुनील सिंह, ललन कुमार गुप्ता, आनन्द यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया ग्राम पंचायत सेमरा खेल मैदान का भूमि पूजन

**कुसमी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत एवं उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित भाजपा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सेमरा के ऊपर सेमरा में 7 लाख रुपए की राशि से खेल मैदान का समतलीकरण कराने भूमि पूजन किया गया। जनपद चुनाव के समय जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा घोषणा की थी।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

# जिले सहित उपनगरीय क्षेत्र व कोयलांचल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

# एसीबी के क्षेत्रीय मुख्यालय परम मित्र नगर बतारी टाउनशिप में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसीबी (इंडिया) लिमिटेड, क्षेत्रीय मुख्यालय चाकाबुड़ा ने परम मित्र नगर (बतारी) टाउनशिप में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन एक पौधरोपण अभियान के साथ किया। यह आयोजन इस वर्ष के संयुक्त राष्ट्र की थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए की भावना के अनुरूप संपन्न हुआ। कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के सभी अधिकारियों ने एसीबीआईएल के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में आयोजित पौधरोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

परम मित्र नगर टाउनशिप के क्लबहाउस में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी में जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा भाग लिया तथा उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार वितरित किए गए। एसीबीआईएल के पावर एवं वाशरी प्रभाग के सभी संयंत्रों ने, क्षेत्रीय मुख्यालय चाकाबुरा सहित, अपने-अपने परिसरों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण दिवस मनाया। जैव विविधता को समृद्ध करने एवं क्षेत्र को दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रजातियों नीम, पीपल, बरगद, जामुन, बेल, शहतूत, आम, आँवला और अमरूद के पौधे रोपे गए। प्रतिभागियों ने जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने तथा प्रकृति-आधारित समाधानों को अपने दैनिक कार्यों में समाहित करने का सामूहिक संकल्प लिया। इस वर्ष की संयुक्त राष्ट्र थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए। जैव विविधता, जलवायु और मानव कल्याण के गहरे अंतर्संबंध को रेखांकित करती है और जलवायु समाधानों के केंद्र में प्रकृति को स्थापित करती है। इस वैश्विक अनिवार्यता के अनुरूप एसीबी लिमिटेड ने चाकाबुड़ा क्षेत्र में अपने सभी संयंत्र एवं वाशरी परिचालनों में पर्यावरणीय भार को कम करने की अपनी प्रतिबद्धता पुनः दोहराई।


पौधरोपण करते हुए।

## बांकीमोंगरा भाजपा मंडल ने किया पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर बांकीमोंगरा भाजपा मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष के विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने न केवल पौधे रोपे, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल करने का संकल्प भी लिया। मंडल के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया। इस अवसर बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है जिसे बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हम अपनी मां के सम्मान में और धरती माता की रक्षा के लिए यह वृक्षारोपण कर रहे हैं।

## एसटीएलएल फील्ड ऑफिस में हुआ आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर एसटीएलएल फील्ड ऑफिस दीपका में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पूरा कार्यक्रम एसटीएलएल के निदेशक विपन मलिक के कुशल निर्देशन व प्रेरणा से संपन्न हुआ। एसटीएलएल के निदेशक विपन मलिक ने पर्यावरण संतुलन में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा ही मानव जीवन की सुरक्षा है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और बेहतर कल देगा। पर्यावरण को दीर्घकालिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से एरिया फील्ड मैनेजर प्रभाकर शुक्ला ने पूरी टीम के साथ विशेष रूप से चुने गए पौधों का रोपण किया गया।

## जिले में हुआ प्रथम ईव्ही जागरूकता रैली ड्राईव फार अर्थ का आयोजन



निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ई.व्ही. जागरूकता रैली ड्राईव फार अर्थ का भव्य आयोजन कोरबा में किया गया, जो छत्तीसगढ़ राज्य की पहली ई.व्ही.जागरूकता रैली है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर की अगुवाई में निकली इस भव्य रैली को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने हरी झण्डी दिखाई एवं रैली को रवाना किया। इस रैली के माध्यम से पर्यावरण का संरक्षण, ऊर्जा व ईंधन की बचत, अधिकाधिक वृक्षारोपण, पेड़-पौधों का संरक्षण व सोलर एनर्जी का उपयोग आदि का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को कोरबा में छत्तीसगढ़ राज्य की पहली ई.व्ही. जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण, हरित कोरबा व स्वच्छ कोरबा पर विशेष रूचि रखने वाले कलेक्टर कुणाल दुदावत व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की पहल पर निकाली गई इस भव्य ई.व्ही.जागरूकता रैली को ड्राईव फार अर्थ का नाम दिया गया। यह रैली घंटाघर ओपन थियेटर से प्रारंभ हुई, कलेक्टर कुणाल दुदावत ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया, वहीं आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयोजन की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर की अगुवाई में घंटाघर से प्रारंभ होकर यह रैली महाराणा प्रताप चौक से रिकांडो रोड होते हुये गुरूघासीदास चैक से टी.पी.नगर चौक होते हुये सी.एस.ई.बी.चौक से जैन चौक बुधवारी व व्ही.आई.पी.रोड से गुजर कर निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई, इस रैली के माध्यम से पर्यावरण का संरक्षण, ऊर्जा की बचत, अधिकाधिक वृक्षारोपण, सोलर एनर्जी का उपयोग आदि का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया। रैली में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी सहित निगम के पार्षदगणों, अधिकारी कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, संस्थानों आदि के साथ-साथ काफी संख्या में नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी तथा हेलमेट धारणकर ई.स्कूटी, ई.बाईक व ई.कार में सवार होकर रैली में शामिल हुये। रैली समापन के पश्चात निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा व ईंधन की बचत, अधिकाधिक वृक्षारोपण व वृक्षों का संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये।

## एसईसीएल मुख्यालय में मनाया गया कार्यक्रम




एसईसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। सभी कर्मचारियों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उक्त बातें अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने एसईसीएल मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। एसईसीएल मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह, जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता को विभिन्न गतिविधियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन द्वारा पर्यावरण ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर निदेशक एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, निदेशक रमेश चन्द्र महापात्र, श्रद्धा महिला मण्डल अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन, उपाध्यक्षागण श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास, श्रीमती विनिता जैन एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र सहित विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, तत्क्षण भाषण प्रतियोगिता एवं कवि सम्मेलन के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

## भाजपा का एक पेड़ माँ के नाम महाअभियान शुरू



केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 से 21 जून तक आयोजित किए जाने वाले विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम के साथ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत आत्मानंद स्कूल, एनसीडीसी, सुभाष ब्लॉक में जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मोदी कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं, जिससे जनता का विश्वास लगातार सुदृढ़ हुआ है। इस अवसर पर महापौर संजू देवी राजपूत, संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, अशोक चावलानी, पवन गर्ग, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी मेंबर हितानंद अग्रवाल, योगेश जैन, रुक्मणी नायर, नवीन अरोड़ा, अजय दुबे, अर्जुन गुप्ता, प्रिती स्वर्णकार, डॉ. राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनोज लहरे, शैलेन्द्र यादव, संजय राठौर, नीरज ठाकुर, अविनाश दुबे, डॉ. विजय राठौर, रामनारायण सराफ, कुलसिंह कंवर, राजेश लहरे व शशि चन्द्रा उपस्थित रहे।

## कोरबा वनमंडल के सभी 6 परिक्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों का सफल आयोजन



वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत वनमंडल कोरबा में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर आवश्यक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, कोरबा वनमण्डलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देशानुसार उपवनमंडलाधिकारी दक्षिण कोरबा सूर्यकांत सोनी एवं उपवनमंडलाधिकारी उत्तर कोरबा रामसिंह राठिया के मार्गदर्शन में मंडल के सभी परिक्षेत्रों लेमरू, बालको, कोरबा, करतला, पसरखेत एवं कुदमुरा में परिक्षेत्र स्तरीय व्यापक गतिविधियों का संपादन किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के लिए निर्धारित मुख्य थीम जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आह्वान को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से, स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और वन सुरक्षा दलों, होम गार्ड, एनजीओ के सहयोग से कई महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य गतिविधियां सुनिश्चित की गईं। सभी 6 परिक्षेत्रों में संपादित की गई और सभी के सहयोग से बड़े रूप में पौधा लगाया गया साथ ही पर्यावरण के संरक्षण के लिए सपत भी दिलाई गई,इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी परिक्षेत्र अधिकारियों, वन रक्षकों, वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा।

## जनपद परिसर में हुआ पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद कोरबा परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि हम आज पर्यावरण के प्रति सजग नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। इस मौके पर सीईओ खगेश कुमार निर्मलकर, करारोपड़ अधिकारी आरएस कंवर, जीपी वर्मा, एडिश्नल सीईओ महेश्वरी साहू, पुष्पेंद्र डडसेना सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अमृत सरोवर स्थल में किया गया पौधरोपण



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न अमृत सरोवर स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण निर्माण का संकल्प लिया। ग्रामीणों को खुले में कचरा फेंकने एवं कचरा जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि कचरा जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर ग्राम स्तर पर कचरा संग्रहण एवं प्रसंस्करण व्यवस्था, बल्क वेस्ट जनरेटर की जिम्मेदारियों तथा स्वच्छ ग्राम निर्माण में जनसहभागिता की भूमिका की जानकारी भी दी गई।

# आम से भरा मालवाहक ऑटो का ब्रेक फेल, नहर में गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


नहर में पलटा मालवाहक ऑटो।

जिले के बरमपुर से दर्री जाने वाले मार्ग में आज शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजकर 30 मिनट में एक मालवाहक ऑटो अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। घटना में चालक को कंधे और कमर में चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा बरमपुर की ओर से नहर मार्ग होते हुए दर्री जाने निकला मालवाहक ऑटो क्रमांक सीजी 12 एएक्स 3598 का डोका मुड़ा से लगे बड़े पुल के पास अचानक ब्रेक फेल हो गया, चालक कुछ समझ पाता तब तक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में जा गिरी। नजर में गिरते ही ऑटो पलट गया और ऑटो में भरा आम भी नजर में बिखर गया। नहर में पानी कम होने की वजह से चालक जैसे तैसे ऑटो से निकल कर जैसे तैसे वह नहर के ऊपर आ गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों की मदद से ऑटो में एक रस्सी में बांध कर रस्सी के दूसरे छोर को नहर ऊपर लगे एक पेड़ से बांध दिया गया है, ताकि यदि कहीं नहर में पानी बढ़ जाए तो ऑटो बहे ना। चालक ने अपने घटना की सूचना परिचितों को दे दी ही। खबर लिखे जाने तक ऑटो और नहर में गिरे आम को बाहर निकालने की कवायद की जा रही थी।

### ग्रीष्मकालीन खेल शिविर अंतर्गत सीनियर क्लब में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शुरू

**कोरबा।** जिला में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत हो चुकी है। 1 जून से हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा-पश्चिम में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग संयुक्त तत्वावधान में रविंद्र सांस्कृतिक भवन (सीनियर क्लब) परिसर कोरबा-पश्चिम में ताइक्वांडो खेल प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। इस खेल आयोजन के लिए हसदेव ताप विद्युत संयंत्र की ओर से जिला प्रशासन को बच्चों के लिए ताइक्वांडो खेल किट उपलब्ध कराए गए हैं। प्रशिक्षक लोकेश राठौर के अनुसार शिविर का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को मंच देना और प्रतिस्पर्धी खेलों के लिए तैयार करना है।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क. 202605050600126/ अ-27/2025-26
ग्राम-कोरबा प.ह.नं. 16
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अनेश्वर प्रसाद साहू पिता स्व० जगेश्वर साव वगैरह निवासी पुरानी बस्ती कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा०नि०मं० कोरबा-1 स्थित भूमि ख०नं० 351/2 शामिल 352/2, 353/2, 354/5, 380, 428/1, 442, 444/1, 604/16, 630/4 कुल रकबा 0.8354 हे0 आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से शामिल खाते में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदकगण कमांक 01 से 02 एवं 06 से 10 तक के मध्य खाता विभाजन किये जाने बाबत छ०ग०भू०रा० संहिता की धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 19/06/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।
तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

ADMISSIONS OPEN 2026-27
Play Group to KG-2
CAREER PUBLIC SCHOOL
37 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
PURPLE TURTLE Pre-School
ACTIVITY CENTRE
PLAY GROUP NURSERY KG-1 KG-2
For Admission Contact - 9522384848
BUS FACILITY AVAILABLE
TALKING PEN TEACHING TECHNOLOGY
Behind Ambedkar Bhawan, Near Helipad, Korba (C.G.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल ऋषिकर भारती, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र थवाईत, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर बघेल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सलोरा के वार्ड नं 19 बिसनपुर की पंच जाम बाई के नेतृत्व में मोहल्लेवासियों ने स्वच्छ पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिला कलेक्टर ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारी को बुलवाकर त्वरित निदान कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नुकुल पाटले, चंदा बाई, सहसराम, राजा पाटले, दीपेश कुमार, राजेंद्र पाटले, बोधराम, माखनलाल, कामता प्रसाद, पवारा, बृहस्पति, रामेश्वरी, गीता बाई, सरोजनी, राधा बाई, अमृता बाई, सरिता बाई, अमुख बाई, अमरीका बाई, लक्ष्मीन बाई, शांति बाई, संतोषीबाई, चंद्रिका, रजनी उमेद बाई, उर्मिला बाई उपस्थित रहे।

### सुखरीकला शिविर में 588 आवेदन प्राप्त 144 आवेदनों का मौके पर निराकरण



**कोरबा।** जनपद पंचायत करतला के ग्राम सुखरीकला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कृषि, खाद्य, सहकारिता, पंचायत विभाग द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। जनपद पंचायत करतला के सीईओ श्री वैभव कौशिक ने बताया कि जनसमस्या निवारण शिविर में कुल 588 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 144 का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का परीक्षण उपरांत निराकरण किया जायेगा। इस दौरान शिविर में कई विभागों से हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा सामग्रियों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को किसान-किताब प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा तीन हितग्राही को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। खाद्य विभाग द्वारा तीन हितग्राहियों को पात्रतानुसार राशन कार्ड प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत रीवांपार और अमलडीहा को टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा 10 हितग्राहियों को फूड बाक्स वितरित किया गया।

### शीतल जल, नींबू जलजीरा और शरबत से मिल रही राहत



**कोरबा।** मानव सेवा और जनकल्याण की भावना से प्रेरित द्वारिका नगरी सामाजिक विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित मानव सेवा जल केंद्र इन दिनों लोगों के लिए बड़ा राहत का केंद्र बना हुआ है। एसपी कार्यालय के सामने सारनिया होटल के बगल में स्थापित इस जल सेवा केंद्र में प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरों, कर्मचारियों, ग्रामीणों एवं जरूरतमंद नागरिकों को नींबू जलजीरा, शीतल शरबत एवं ठंडा पेयजल निःशुल्क उपलब्ध करा रहा है। तेज धूप और उमस भरे मौसम के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा यह सेवा लगातार जारी रखी गई है। परिणामस्वरूप प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर शीतल पेयजल, नींबू जलजीरा और शरबत का लाभ उठा रहे हैं।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों में अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारियों को शोकॉज नोटिश जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले एवं कार्य मे लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों की अनुबंध निरस्त कर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने योजना अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत एवं पूर्ण हो चुके कार्यों, हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य, सोलर पंप स्थापना, समूह व एकल जल प्रदाय योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, जिससे आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रदाय घरेलू नल कनेक्शन, जलस्त्रोत व टंकियों के निर्माण, पाइपलाइन बिछाने एवं सोलर पंप स्थापना सहित अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हांकित जलस्त्रोतों और पाइपलाइनों को शीघ्र चालू किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाएं तैयार हो चुकी हैं, वहां जलापूर्ति को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने टंकियों की फंक्शनल स्थिति सुनिश्चित करने तथा उनसे वास्तविक जलापूर्ति शुरू करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ठेकेदारों से कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। ग्राम पंचायतों में सोलर पंप के माध्यम से घरों तक पहुंचाए जा रहे पेयजल कनेक्शनों की भी समीक्षा की गई तथा खराब हुए सोलर पम्प की पंचायतो से सूची लेकर शीघ्रता से मरम्मत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने निर्देश दिए टंकी निर्माण एवं एफएसटीसी कार्य पूर्ण हो चुके क्षेत्रों में जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू की जाए।इस हेतु विशेष कार्ययोजना रॉयर कर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्ण हो चुके कार्यों का गम्भीरता से हर घर जल प्रमाणीकरण कराने निर्देशित किया। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं रखरखाव को सुदृढ़ बनाने के लिए नल-जल मित्रों का नया बैच तैयार कर उन्हें आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेयजल आपूर्ति से वंचित सभी स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, आश्रम छात्रावास में टेपनल के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु विभाग को शीघ्रता से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



कुणाल दुदावत

## दिसंबर माह में तैयार हुई थी स्कूलों में शुरु करने की कार्ययोजना

# नए शिक्षण सत्र में भी हाई स्कूलों में लाइब्रेरी के संचालन पर खड़ा हुआ संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नए शिक्षण सत्र शुरु होने में महज एक सप्ताह शेष है और ऐसे में हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में लाईब्रेरी संचालन को लेकर संकट बना हुआ है। किस मद से लाईब्रेरी की किताबों की खरीदी होगी यह अभी तक तय नहीं किया जा सका है जबकि दिसंबर माह में इसकी कार्ययोजना तैयार हुई थी।

जिले में संचालित हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में गिनती के कुछ ऐसे स्कूल हैं जहां लाईब्रेरी सुचारु रुप से संचालित हैं जहां कुछ स्कूल ऐसे हैं जहां किताबें आलमरी में कैद हैं। वहीं स्कूलों में लाईब्रेरियन के पद भी स्वीकृत नहीं हैं। जिससे इसके संचालन को लेकर भी गंभीर संकट बना हुआ है। लगभग एक 96 स्कूल जिले में संचालित है और इनमें चार स्कूलों में ही लाईब्रेरियन के पद स्वीकृत हैं। जहां तक लाईब्रेरी के संचालन का सवाल है तो शहर में साडा हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पंप हाउस गोपालपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में लाईब्रेरी का संचालन होता है, शेष स्कूलों में लाईब्रेरी के नाम पर किताबें जरुर हैं लेकिन आलमारी में ही कैद है। ऐसे स्कूलों में भी लाइब्रेरी के संचालन को लेकर बीते दिसंबर माह में एक कार्ययोजना बनी थी और लाईब्रेरियन के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लाईब्रेरी से संबंधित जानकारी जिला शिक्षा विभाग को भेजी गई थी उक्त जानकारी के बाद कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी और नए शिक्षण सत्र 16 जून से शुरु होगा। लाईब्रेरी संचालन के संबंध में कोई दिशा निर्देश विभाग के द्वारा स्कूलों को नहीं जारी किया गया है इससे नए शिक्षण सत्र के दौरान हाई व हायर सेंकेंडरी स्कूल में लाईब्रेरी संचालन को लेकर संकट खड़ा हो गया है।



### इस वर्ष शुरु करने का चल रहा प्रयास

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में लाईब्रेरी संचालन के लिए किताबों की खरीदी के लिए तैयारी की गई है। दिसंबर माह में स्कूलों से इस संबंध में जानकारी मांगी गई, किताबों की खरीदी शासन के जेम पोर्टल से होगी।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

### मिडिल स्कूल में शुरु करने हुई थी किताबों की सप्लाई

शहर के मिडिल स्कूल में भी मनोरंजन और ज्ञान वर्धक किताबों के लिए लाईब्रेरी का संचालन शुरु करने हेतु किताबों की सप्लाई की गई थी ऐसी किताबें आज भी आलामरी में कैद है साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कुछ किताबें जरुर भेजी गई थी लेकिन वह मिडिल स्कूल के बच्चों के स्तर की नहीं थी और उन किताबों से लाईब्रेरी का संचालन शुरु नहीं हो सका।

### नहीं हुई है लंबे समय से खरीदी

लाईब्रेरी संचालन हेतु किताबों की खरीदी महत्वपूर्ण है और बीते लंबे समय से किताबों की खरीदी शिक्षा विभाग के द्वारा नहीं की गई है और ना ही इसके संबंध में कोई दिशा निर्देश जारी हुए हैं। जिसकी वजह से विभाग भी असमंजस की स्थिति बना हुआ है। किताबों की खरीदी डीएमएफ से होगी या फिर राज्य शासन के द्वारा इसके लिए अलग से राशि जारी की जाएगी। राज्य शासन के द्वारा शिक्षा विभाग को नहीं मिले हैं। इस वजह से किताबों की खरीदी भी अधर में पड़ी हुई है।

# विद्युत कंपनी में 169 तकनीकी कर्मचारियों को पदोन्नति की सौगात



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार और एचआर के अधिकारियों के साथ फेडरेशन 01 की 15 मई को सम्पन्न बैठक में प्रबंधन की ओर से मई माह के अंत तक तकनीकी कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी करने की बात कही गई थी। 2 जून को प्रबंधन द्वारा वरिष्ठ संयंत्र पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रिकल) के 05, वरिष्ठ पर्यवेक्षक (मैकेनिकल) के 10, कनिष्ठ पर्यवेक्षक (मैकेनिकल) के 46, संयंत्र सहायक 1 (इलेक्ट्रिकल) के 84 एवं संयंत्र सहायक-1 (मैकेनिकल) के 24 पदों पर पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। संगठन के महासचिव आर सी चेट्टी ने पदोन्नति आदेश जारी किए जाने पर प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि संगठन द्वारा काफी समय से तकनीकी कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग की जा रही थी। प्रबंधन द्वारा जारी किए गए पदोन्नति आदेश के बावजूद भी बहुत सारे पात्र तकनीकी कर्मचारी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं। महासचिव आर सी चेट्टी ने पदोन्नति पदों को समाप्त किए जाने पर प्रभावित हो रहे पदोन्नति पर कर्मचारियों के मन में बढ़ रहे आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन से शीघ्र बैठक करके विलोपित पदों को पुनः वापस करते हुए शेष पात्र तकनीकी कर्मचारियों के शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने का अनुरोध किया है।

# युवाओं के सपनों, नेतृत्व और विकास को लेकर सार्थक चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष एवं पाली तानाखार विधानसभा प्रभारी विश्व विजय सिंह तोमर का कोरबा आगमन हुआ। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के निवास पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा आयोग की पहलें युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने सभी के स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। युवाओं को सकारात्मक दिशा, उचित मार्गदर्शन और अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं के हित में आयोग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने युवा नेतृत्व के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए प्रदेश के विकास और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। पूरे आयोजन में आत्मीयता, संगठनात्मक एकजुटता और युवा ऊर्जा का विशेष उत्साह देखने को मिला।

### करैत सांप के डसने से वृद्धा की मौत

**कोरबा।** तपिश के बाद हल्की बूंदा बांदी से जमीन पर रेंगने वाले विषैले जीव जंतु सक्रिय हो जाते हैं। इसी कड़ी में एक 66 वर्षीय वृद्ध महिला को करैत सांप ने डस लिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मधुबनी निवासी शांतिबाई राठिया उम्र 66 वर्ष पति मानाराम गुरुवार की शाम लगभग 6 बजे वह अपने घर के आंगन में पैदल जा रही थी इसी दौरान उसके पैर के नीचे एक करैत सांप आ गया और करैत सांप ने महिला को डस लिया। इसके बाद परिजनों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान महिला की मेडिकल हॉस्पिटल में मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# राजपूत क्षत्रिय समाज 17 को मनाएगा महाराणा प्रताप जयंती



बैठक में उपस्थित क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

17 जून को वीर छत्रसाल महाराणा प्रताप की जयंती जिला राजपूत क्षेत्रीय समाज के तत्वाधान में उत्साह पूर्वक एवं भव्य रूप से मनाया जाने को लेकर तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है गुरुवार को वीर महाराणा प्रताप चौक बुधवारी स्थित समाज के राम जानकी मंदिर परिसर स्थित भवन में जिला राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह की अगुवाई में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वीर महाराणा प्रताप की जयंती 17 जून को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनाए जाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई और इसे भव्य रूप देने के लिए उपस्थित सभी का सुझाव लिया गया। इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने सुझावों से जिला अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह को अवगत कराया इसके बाद निर्णय लिया गया कि पुराना बस स्टैंड कोरबा से 17 जून की शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा पावर हाउस रोड टीपी नगर चौक सीएसईबी चौक कोसाबाड़ी चौक सुभाष चौक निहारिका होते हुए घंटाघर पहुंचेगी। यहां से समाज की महिलाओं के जत्थे के साथ शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक पहुंचेगी और यहां स्थापित छत्रसाल वीर महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशिष्ट अतिथि निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नगर पालिका दीपिका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत मंचस्थ रहेंगे। गुरुवार को संपन्न हुई। इस समीक्षा बैठक में समाज के संरक्षक आरके सिंह ठाकुर, राज सिंह ठाकुर, दीपक सिंह जिला अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह उपाध्यक्ष ठाकुर, विजय सिंह महासचिव ठाकुर दिनेश सिंह मुकेश सिंह सह सचिव सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मेगा परियोजनाओं के कम उत्पादन का एसईसीएल के प्रदर्शन पर पड़ा असर

# दीपका ने हासिल किया लक्ष्य, गेवरा व कुसमुंडा पिछड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



वित्तीय वर्ष दूसरे माह मई में कोयला उत्पादन टारगेट से एसईसीएल की मेगा परियोजना गेवरा व कुसमुंडा पीछे रह गई। माह के टारगेट को दीपका एरिया ने शत-प्रतिशत हासिल किया है। मेगा परियोजनाओं के कम उत्पादन का असर एसईसीएल के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। माह में लक्ष्य के मुकाबले लगभग 3 मिलियन टन कम उत्पादन दर्ज किया गया है। वित्तीय वर्ष में एसईसीएल को 195 मिलियन टन कोयला उत्पादन का टारगेट दिया गया है। सर्वाधिक कोयला उत्पादन कोरबा जिले की खदानों से किया जाना है। वित्तीय वर्ष में कुसमुंडा को 39, गेवरा को 59 व दीपका को 40 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला हुआ है। इस लक्ष्य को हासिल करने हर माह का टागरेट सेट किया जाता है। मई में कुसमुंडा एरिया को 3.47 मिलियन टन का लक्ष्य था। इसके मुकाबले एरिया ने 2.48 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है। गेवरा एरिया को 5.26 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना था। इसके मुकाबले एरिया से 3.49 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। दीपका एरिया को 3.56 मिलियन टन का टागरेट था। मई में इस टारगेट को एरिया ने शत-प्रतिशत पूरा किया है। कोरबा एरिया को 0.72 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था। मई माह के 31 दिनों में कोरबा एरिया से 0.62 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका है। एसईसीएल को माह में 17.33 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना था। माह में एसईसीएल ने 14.42 मिलियन टन कोयला खनन किया है। जिले की मेगा परियोजनाओं के कम उत्पादन का असर एसईसीएल के उत्पादन पर पड़ा है। एसईसीएल के कई एरिया माह के लक्ष्य से पीछे रहे हैं। रायगढ़, जोहिला, सोहागपुर, हसदेव, बैकुंठपुर, चिरमिरी एरिया ने जरूर माह के लक्ष्य से अधिक कोयला खनन कर कंपनी प्रबंधन की चिंताएं दूर की है। संभवतः 16 जून से प्रदेश में मानसून दस्तक देगा। तीन माह वर्षा ऋतु के दौरान कोयला खदानों के उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ जाएगी। ऐसे में कोयला खदानों में पानी निकासी की व्यवस्था दुरूस्त की जा रही है। खदान में जलभराव की स्थिति न हो इस पर जोर दिया जा रहा है। अधिकारी लगातार इसकी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। खासकर ओपन कास्ट परियोजनाओं में कोयला उत्पादन से लेकर डिस्पैच की चुनौतियां बढ़ जाती है। गत वित्तीय वर्ष में एसईसीएल को 212 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया था। इस लक्ष्य को हासिल करने में कंपनी नाकाम रही थी। खासकर जिले की कुसमुंडा परियोजना का प्रदर्शन काफी खराब था। जिसे देखते हुए इस बार कंपनी ने अपना उत्पादन लक्ष्य 212 से घटाकर 195 मिलियन टन कर दिया है। कुसमुंडा एरिया का टारगेट भी 50 से घटाकर इस वित्तीय वर्ष में 39 मिलियन टन किया गया है। गेवरा एरिया का लक्ष्य भी 63 से कम कर 59 मिलियन टन किया गया है। दीपका का टारगेट 40 मिलियन टन यथावत रखा गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780